India Media Monitor

Khabre Aaj Tak

JK Tyre opens first Retread Centre in Nepal

Jun 17, 2019 | Mumbai | Pg No.: 7 | Bottom Center | Bureau | Sq Cm: 159 | AVE: 15874 | PR Value: 79370

जेके टायर ने नेपाल में पहला रिट्रीड सेंटर खोला

पोखरा (नेपाल), एजेंसी। अपनी वैश्विक उपस्थिति का विस्तार करने की दिशा में रणनीतिक कदम बढ़ाते हुए, भारत के प्रमुख टायर निर्माता और देश में रेडियल टायर टेक्नोलॉजी में अग्रणी जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने पोखरा, नेपाल में अपने पहले जेके रिट्रीड सेंटर का उद्घाटन किया है। यह रिट्रीड सेंटर बायस और रेडियल टायर्स के लिये गुणवत्तापूर्ण रिट्रीडिंग प्रदान करने के एक विशेष सेवा नेटवर्क के जरिये कंपनी की अंतर्राष्ट्रीय उपस्थिति के समेकन में जेके टायर के लिये एक अन्य उपलब्धि है। पोखरा टीबीबी, एलसीवी और पीसीआर टायर्स का बड़ा बाजार है, जहाँ यह सेंटर रणनीतिक रूप से स्थित है और यहाँ अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी, मशीनरी और प्रशिक्षित कार्यबल है। यह कंपनी द्वारा अनुशंसित रिपेयर और रिट्रीड प्रक्रियाओं की पेशकश करता है, ताकि ग्राहकों के लिये प्रति किलोमीटर लागत कम हो। पोखरा सेंटर समेत कंपनी के रिट्रीडिंग सेंटर्स की संख्या वर्तमान में 36 है, जिसे वर्ष 2020 तक 100 तक पहुंचाने का लक्ष्य है। इस अवसर पर दिनेश दासानी, वाइस प्रेसिडेंट एवं प्रमुख- नेशनल सेल्स, जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने कहा, ''हम अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अपनी पहली रिट्रीड सुविधा का उद्घाटन कर गर्व महसूस कर रहे हैं, वह भी पड़ोसी देश में। पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण नेपाल में लंबी अवधि की वृद्धि के लिये बड़ी संभावना है और हमें विश्वास है कि हम इस क्षेत्र में रिट्रीड टायर्स की बढ़ती मांग को पूरा करेंगे। इस सेंटर का खुलना जेके टायर के ग्राहक-केन्द्रित दृष्टिकोण को दर्शाता है, जहाँ बेजोड़ और संपूर्ण समाधान सेवा पर जोर दिया जाता है। जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने वर्ष 2009 में राजस्थान के कांकरोली में एक रिट्रीड रबर उत्पादन सुविधा की स्थापना कर रिट्रीडिंग के व्यवसाय में प्रवेश किया था, जहाँ वाहन मालिकों एवं यूजर्स को टायरों की रिट्रीडिंग के लिये ओरिजिनल ट्रीड डिजाइन प्रदान किया जाता है। जेके टायर की रिट्रीड सुविधाएं प्री-क्योर्ड रबर ट्रीड्स और अलाइड मैटेरियल कैटेगरीज में घरेलू बाजार के विभिन्न राज्य परिवहन निगमों और बेड़ों को सेवा प्रदान करती हैं। जेके टायर चौतरफा सेवा समाधान प्रदाता के रूप में उभरा है और वर्तमान में नंबर 1 फ्रैंचाइजी नेटवर्क है, जो देशभर में फैले अपने सर्विस सेंटर्स के नेटवर्क के माध्येम से टायर केयर समाधान प्रदान करता है।